हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 30 मई 2026

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए ...



14 भरूवाडीह कला में निकाली अग्नि सुरक्षा ...





## खबर संक्षेप

### शीतला चौरा का भूमिपूजन आज

**हिरमी रावन।** ग्राम मुसवाडीह में 30 मई को शीतला चौरा भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू शामिल होंगे। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### प्राइवेट सुरक्षाकर्मी की भर्ती आज

**बिलाईगढ़।** इच्छुक महिला और पुरुष बेरोजगारों को सुरक्षाकर्मी का रोजगार देने के लिए निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड अनूपपुर मध्यप्रदेश द्वारा 30 मई को थाना परिसर सलिहा में निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा 31 मई को थाना परिसर सारंगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत प्रवेश परीक्षा स्थगित

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु वर्तमान में आबंटित संस्था को इम्पैनलमेंट करने एवं प्रवेश की प्रक्रिया में विलंब होने के कारण 26 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा स्थगित की गई है। आबंटित संस्था में प्रवेश हेतु शासन से निर्देश प्राप्त होते ही पृथक से सूचना जारी किया जाएगा।

### आतंक फैलाने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने कुशालपुर के स्थानीय रहवासियों की शिकायत पर एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने दिलीप मिश्रा नामक बदमाश को गिरफ्तार किया है। कुशालपुर तथा आसपास की कॉलोनी के रहवासियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि दिलीप मिश्रा उनके क्षेत्र में आकर जबरन लोगों के साथ विवाद करने तथा मारने की धमकी देता था।

### शेयर बाजार में रकम दोगुनी करने का झांसा

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ शेयर बाजार में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 5.93 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भगत सिंह चौक निवासी गिरधन लाल ओगरे ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। गिरधन ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने गिरधन को कॉल कर शेयर बाजार में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर करा ली और ठगी का शिकार बनाया।

### बाउंड्रीवॉल तोड़कर 90 हजार का सामान पार

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक भूमि स्वामी ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाउंड्रीवॉल तोड़कर 90 हजार रुपए कीमत के पोल तथा अन्य सामग्री चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कूंरा स्थित पासमीन रियाल्टी एलएल पिकर्स की ओर से सुशील कुमार सिंह ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुशील कुमार ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर निर्माणाधीन बाउंड्री को तोड़कर 10 नग पोल, 72 नग प्री-कास्ट पाटिया चोरी कर ले गया।

### घर खाली करने का विवाद महिला का सिर फोड़ा

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक महिला ने अपनी बहन के बेटे के खिलाफ मकान खाली करने की विवाद पर ईंट से सिर फोड़ने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तुर्की तालाब, ईदगाहभाठा निवासी पूर्णिमा ढीमर ने शंकर ढीमर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पूर्णिमा ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार सुबह पानी भरने गई थी। शंकर ने पूर्णिमा के सिर पर ईंट से वार कर उसका सिर फोड़ दिया और उसके साथ मारपीट की।

# बस स्टैंड के छोटे कपड़ा व्यापारियों को हटाने का विरोध

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन ने कलेक्टर से की पुनर्स्थापन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- कलेक्टर से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल
- वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन ने शहर में बस स्टैंड के पास वर्षों से कपड़ा व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले छोटे व्यापारियों को हटाए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें पुनर्स्थापित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, मजदूर एवं छोटे व्यापारियों के हितों की आवाज उठाती रही है और आगे भी उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

इस दौरान मुख्य रूप से शहर कोषाध्यक्ष गेवेंद्र साहू, अजय भारती, एवं समस्त फुटपाथ कपड़ा व्यापारी संघ के कमलेश सोनवानी, सुदीप साहू, खेलन साहू, बंटी सोनवानी, मनीष पाटकर, गोविंद प्रसाद साहू, मनोज कुर्रे, जगराम साहू, हरीश चंद साहू, जगन्नाथ साहू, शंकर साहू, कुलदीप गायकवाड, जितेन गायकवाड सहित फुटपाथ कपड़ा व्यापारी उपस्थित थे कांग्रेसजनों ने भी प्रशासन से मांग की कि प्रभावित व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की जाए।



### कपड़ा व्यवसायियों के पुनर्वास की मांग

शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन ने कहा कि ये छोटे कपड़ा व्यवसायी लंबे समय से अपना व्यवसाय संचालित कर परिवार की आजीविका चला रहे हैं। अचानक हटाए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इन व्यवसायियों के लिए उचित वैकल्पिक व्यवस्था एवं पुनर्स्थापन करने का निवेदन किया।

## आगजनी : दोनों दुकानों को लगभग 30 लाख नुकसान का अनुमान

# आगजनी से गिरा तीन मंजिला मकान, कपड़ा और मोबाइल की दुकान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

गुरुवार की रात एक बजे के आसपास हटरीबाजार अंडरब्रिज रेलवे फाटक के पास जैसे सघन इलाके में एक मोबाइल शाप और कपड़े की दुकान में आग लग जाने से दुकान के अंदर रखे मोबाइल और कपड़ा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। उक्त दुकान जहां थी, वह तीन मंजिला बिल्डिंग थी। आगजनी के बाद पूरी इमारत भरभरा कर गिर गई। इस अग्निकांड में आसपास के लोगों को कोई क्षति नहीं पहुंची, किन्तु जिस दुकान में आग लगी वह दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ज्ञात हो कि जिस स्थान पर आगजनी हुई उसके आसपास भी दुकानें और घर है। वहीं दुकान के ठीक पीछे के हिस्से में श्यामसुन्दर मेडिकल स्टोर्स है। रात्रि पहर हुए इस भीषण अग्निकांड में उक्त बिल्डिंग में गणेश मोबाइल व बालचंदबतरा कपड़ा की दुकान थी।

### पुलिस टीम मौके पर पहुंची

इस आगजनी में लगभग 25 से 30 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है, जिसमें 20 से 25 लाख का नुकसान कपड़ा दुकान के होने का अंदाजा है। घटना के संबंध में आगजनी होने की जानकारी आस पड़ोस वालों ने शहर थाना को दी। मौके पर एसडीओपी तारेश साहू, शहर टीआई अमित पाटले व पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

अगर आग जल्दी नहीं बुझायी जाती तो घटना और भी बड़ी हो सकती थी। प्रशासनिक पहल और फायर ब्रिगेड सही समय पर आग पर नियंत्रण पा लिया। उक्त आगजनी शार्ट सर्किट के चलते होने का अंदाजा है, क्योंकि भीषण गर्मी के चलते हुए शार्ट सर्किट की निकली चिंगारी ने पूरी दुकान को चपेट में ले लिया।



### घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काब

घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी शर्मा रात्रि में ही घटना स्थल पहुंचे और आग बुझाने फायर टीम को निर्देशित किया। आग को बुझाने नगरपालिका का फायर वाहन जुटा रहा। लगभग तीन से चार घंटे की मशक्कत बाद आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी की घटना में कोई और नुकसान नहीं हुआ, लेकिन जिस इलाके में यह घटना घटित हुई, वह काफी सघन इलाका है।

# इंदिरा वार्ड में नाली टूटी, हादसे को न्यौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

मुख्य मार्ग किनारे वार्ड 6 इंदिरा कालोनी पहुंच मार्ग सड़क किनारे बना नाली टूटकर जानलेवा गड्ढा का आकार ले लिया है। जिससे आवगमन बाधित हो गया है। उक्त गड्ढा तेज किराना स्टोर व वर्मा चिकन सेंटर के ठीक बीच पर हो गया है। चिकन सेंटर संचालक विक्की वर्मा ने बताया कि यह गड्ढा पिछले गत महीनों से इसी हालत में है, जिससे आये दिन दुर्घटना हो रही है, जिस पर ना है जनप्रनिधि ध्यान दे रहे हैं और ना ही लोक निर्माण विभाग, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है। भूपेंद्र साहू ने बताया कि अभी हाल में गौ माता इसी गड्ढे में गिरने से चोटिल हो गयी थी, जिससे काफी मशक्कत के बाद निकाला गया। समस्या को देखते हुए वार्डवासियों ने जल्द से जल्द ठीक करने की मांग किया है।

# पिट्ठु बैग में निकला 10 किलो गांजा कसडोल के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

नशे के सौदागरों और अवैध कारोबारियों के खिलाफ लवन पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। लवन पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 10 किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही पल्सर बाइक जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार 27 मई को लवन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल सवार दो युवक भारी मात्रा में गांजा लेकर ग्राहक की तलाश में मेन रोड लवन के पास घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना लवन की पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेहियों को रोका। पुलिस टीम द्वारा जब दोनों संदिग्ध लखन वर्मा 25 वर्ष और मुकेश कुमार ध्रुव 23 वर्ष दोनों निवासी- ग्राम छांछी थाना कसडोल की पल्सर ▶▶ शेष पेज 12 पर



### दतरेंगी में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार** | सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शनिवार 30 मई को विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दतरेंगी में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 15 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में ग्राम पंचायत अमेठी, टेमरी, सेमरिया, खैरी, धौराभाठा, मुड़ियाडीह, धमनी, ओड़ान, दतान ख,सलौनी, कानाकोट, बांसबिनौरी, सीतापार, दतरेंगी एवं लरिया के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# आबकारी टीम ने 4 हजार की महुआ शराब और दो वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार-गरियाबंद

कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार गश्त एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को 4 हजार रुपए का महुआ शराब और एक मोटर सायकिल जब्त की गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी लकेश्वर यादव पिता गोविंद 35 वर्ष ग्राम तेंदुभाठा, चौकी गिरौदपुरी के कब्जे से 20 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 4 हजार होना पाया गया एवं 1 (एक) दो पहिया वाहन मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स सीजी 022 पी 5583 जब्त किया गया। मोटर सायकल का बाजार मूल्य 30 हजार होना पाया गया। आरोपी लकेश्वर यादव पिता गोविंद 35 वर्ष ▶▶ शेष पेज 12 पर



## कृषि सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग

# भारतीय किसान संघ ने खाद, बीज और डीजल समस्या पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

किसान संघ के सदस्यों ने बताया कि देश में आए संकट को किसान संघ गंभीरता से समझ रहा है। संकट की इस घड़ी में किसान भी देश के साथ खड़ा है। अन्नदाता होने के कारण सबका पेट भरने का दायित्व किसान का है, परंतु फसल उगाने के लिए जिन कृषि सामग्रियों की आवश्यकता होती है, वह तो लगना ही है। खाद की व्यवस्था सरकारें ही करती है यदि खाद की व्यवस्था में कमी होगी तो निश्चित ही फसल पर इसका प्रभाव पड़ेगा और देखें तो किसान की आजीविका कृषि पर ही निर्भर है, यदि उत्पादन कम होता है तो किसान की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा।

खाद की कालाबाजारी होना यह दुर्भाग्यपूर्ण है सरकार ने कभी इसे रोकने के ठोस प्रयास नहीं किये हैं। किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कहा है कि है प्रदेश में खाद एवं बीज की किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। भारतीय किसान संघ एक जिम्मेदार संगठन है यदि किसान हित पर कोई भी आंच आती है तो किसान संघ भविष्य में बड़े आंदोलन करने के लिये बाध्य होगा। किसान संघ ने अपने ज्ञापन में मांग की है की समितियों में पर्याप्त खाद की व्यवस्था की जाए, किसानों को प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी एवं दो बोरी यूरिया दिया जाए सभी निजी खाद विक्रेताओं पर दबाव बनाकर सही मूल्य में किसानों को खाद उपलब्ध करवाई जाए। अधिक मूल्य में खाद विक्रय करने वाले सभी विक्रेताओं पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 10 पर



### किसानों के हित में खाद आपूर्ति,

अतः प्रति किसान दिये जाने वाले नैनो डीएपी एवं नैनो युरिया की कीमत घटाकर मात्रा को दुगना किया जाए एवं इसे ऐच्छिक किया जाए। किसानों को कृषि कार्य के लिये डीजल, कंटेनर या जेरीकैन में भी दिया जाय। गुणवत्तापूर्ण बीजों का भंडारण समितियों में करवाया जाए। हरी खाद के लिए ढेचा, सन, मूंग आदि के बीजों को सस्ती दर में उपलब्ध करवाया जाए।

# खाद्य एवं औषधि विभाग ने 280 किलो खराब आम कराया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाटापारा बस स्टैंड के फल दुकानों का निरीक्षण के दौरान 280 किलो खराब आम को नष्ट कराया गया।

टीम द्वारा हनुमान फल भण्डार नया बस स्टैण्ड भाटापारा व महेश फ़्रूट कम्पनी भाटापारा की जांच की गई। महेश फ़्रूट कम्पनी में लगभग 280 किलोग्राम खराब आमों को नष्ट कराने हेतु निगम गाड़ी को दिया गया। सभी फल दुकानों को खराब फल विक्रय नहीं करने व खराब फल को अलग कर नष्टीकरण हेतु निगम की गाड़ी को ही देने के निर्देश दिये गये।



# शहरी नियोजन सुधारों से निवेश और विकास को मिलेगी नई गति

## भूमि उपयोग, भवन अनुमति और डिजिटल स्वीकृति प्रणाली में होंगे बड़े बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस सुधारों का दायरा अब केवल उद्योग और कर व्यवस्था तक सीमित नहीं रह गया है। अब केंद्र सरकार का फोकस शहरी नियोजन, भूमि उपयोग और निर्माण स्वीकृति प्रक्रियाओं को आधुनिक, पारदर्शी और निवेश-अनुकूल बनाने पर है। इसी दिशा में केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिवालय द्वारा "अनुपालन कमी और विनियमन में ढील" के तहत राज्यों को महत्वपूर्ण सुधार लागू करने की सिफारिश की गई है। इन सुधारों का उद्देश्य शहरों को अधिक लचीला, निवेश-तैयार और आर्थिक गतिविधियों के अनुरूप बनाना है, ताकि उद्योग, आवास, वाणिज्यिक गतिविधियां और आधुनिक शहरी विकास को नई गति मिल सके। राज्यों को "डिमांड-ड्रिवन भूमि उपयोग प्रणाली" अपनाने की सलाह दी है, "जो प्रतिबंधित नहीं है, वह अनुमति प्राप्त है" के सिद्धांत पर आधारित है। इसके तहत प्रत्येक क्षेत्र में केवल प्रतिबंधित गतिविधियों की "नेगेटिव लिस्ट" तय की जाएगी, जबकि अन्य सभी गतिविधियों को स्वतः अनुमति प्राप्त होगी। इस व्यवस्था से भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल और लंबी प्रक्रियाएं कम होंगी तथा निवेशकों को अधिक स्पष्टता और सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार ने भी शहरी नियोजन और निर्माण स्वीकृति प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य में छत्तीसगढ़ भूमि विकास




नियम में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा "फ्लेक्सिबल जोनिंग फ्रेमवर्क" को बढ़ावा देते हुए मिश्रित भूमि उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भूमि उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया हुई सरल और डिजिटल

राज्य सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को भी सरल और डिजिटाइज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत क्षेत्रों तथा उनकी बाहरी सीमाओं से लगे निर्धारित क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ श्रेणियों की भूमि के व्यपवर्तन के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति की आवश्यकता समाप्त की गई है। साथ ही ऑनलाइन सिंगल विंडो प्रणाली, सभी एनओसी को ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ने तथा निर्धारित समय सीमा में स्वीकृति न मिलने पर डिमांड एप्रूवल जैसे प्रावधानों की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

### आवासीय क्षेत्र में ये उद्योग रहेंगे प्रतिबंधित

संशोधित प्रावधानों के अनुसार आवासीय क्षेत्रों में रेड, ऑरेंज, ग्रीन एवं ब्लू श्रेणी के उद्योगों को प्रतिबंधित किया गया है, जबकि वाणिज्यिक क्षेत्रों में केवल रेड एवं ऑरेंज श्रेणी के उद्योगों पर प्रतिबंध रहेगा। उद्योगों का वर्गीकरण छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों से जुड़े कर्मचारियों के लिए अधिकतम 60 वर्गमीटर तक के किफायती आवास निर्माण की अनुमति दी गई है। इसके लिए अधिकतम एफएआर 2.0 तथा 70 प्रतिशत भू-उपयोग की अनुमति होगी। यह उद्योग आधारित किफायती आवास परियोजनाओं को गति देगी।

### भवन स्वीकृतियों में आएगी पारदर्शिता और तेजी

जानकारी के अनुसार भवन निर्माण स्वीकृतियों में देरी को समाप्त करने राज्य सरकार ने निरीक्षण एवं अनुमोदन प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन कर प्लींथ सर्टिफिकेट, कंप्लीशन सर्टिफिकेट और आक्यूपाई सर्टिफिकेट जारी करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। नए प्रावधानों के तहत निरीक्षण के चार दिस के भीतर किया जाएगा तथा निरीक्षण रिपोर्ट 48 घंटे में प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही तृतीय पक्ष एजेंसियों के माध्यम से संयुक्त निरीक्षण तथा आर्किटेक्ट आधारित सेल्फ सर्टिफिकेशन व्यवस्था को भी बढ़ावा दिया गया है।

### भवन अनुमति सिस्टम डिजिटल होगा

राज्य सरकार ने भवन अनुमति प्रणाली को पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। एएलबीपीएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब ऑनलाइन आवेदन, एकीकृत भुगतान प्रणाली, डिजिटल हस्ताक्षरित भवन योजनाएं, ऑटो-डीसीआर द्वारा स्वचालित भवन परीक्षण, निर्माण प्रारंभ एवं पूर्णता की ई-सूचना तथा डिजिटल आक्यूपाई एवं कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

---

## खबर संक्षेप



### सिंधी पंचायत ने सदस्यों को दी नई जिम्मेदारी

**रायपुर।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बैठक में अध्यक्ष महेश दरयानी, महासचिव बलराम पी. आहूजा एवं कोषाध्यक्ष कैलाश बालानी की अनुशंसा पर सिंधी समाज की प्रदेश पंचायत में मनोहर चंदनानी को प्रमुख सलाहकार, गौरव मंधानी को सह प्रवक्ता, अमर चंदनानी को सचिव पद से पदोन्नत कर उपाध्यक्ष, राजा संतवानी को उपाध्यक्ष, रतन वल्र्यानी को सचिव, राजू चंदानी व विकास तनवानी को सचिव, सागर खटवानी तथा मनीष आहूजा को सहसचिव का नवीन दायित्व निर्वाहन पत्र मुखीजनों द्वारा सौंपा गया।

### तेलीबांधा तालाब में माता कर्मा या तेलिन दाई की मूर्ति लगाएं : कांग्रेस

**रायपुर।** तेलीबांधा तालाब के पास विनायक दामोदर सावरकर की मूर्ति लगाने के प्रस्ताव का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, तेलीबांधा तालाब छत्तीसगढ़ की धरोहर है। छत्तीसगढ़ के लोगों



विशेषकर साहू समाज की भावनायें तेलीबांधा तालाब से जुड़ी हुई हैं। यहां पर नाम भक्त माता कर्मा या तेलिन दाई की मूर्ति लगाई जाए। उन्होंने कहा, जो सावरकर गाय को गौमाता मानने का विरोध करते थे तथा गाय को एक चौपाया जानवर के अतिरिक्त कुछ नहीं मानते थे, उनको भाजपा, आरएसएस जबरिया हिन्दुत्व का पैरोकार बनाती है। सावरकर ने जेल से छूटने के लिए तथा जेल से छूटने के बाद आजादी की लड़ाई का भी विरोध किया था। गांधीजी और कांग्रेस का विरोध करने मात्र के लिए भाजपाई उनको महिमा मंडित करते हैं। उनकी मूर्ति तेलीबांधा तालाब में लगाया जाना गलत है। प्रदेश के सबसे बड़े समाज की भावनाओं का अपमान भी है। उनकी मूर्ति तेलीबांधा तालाब पर लगाये जाने का कोई भी उचित कारण नहीं है। अंग्रेजी सरकार से माफी मांगने वाले, अंग्रेजी सरकार से वजीफा लेने वाले माफीवीर की मूर्ति की जरूरत छत्तीसगढ़ में नहीं है।

---

## भारत माला मुआवजा घोटाला की दोबारा जांच के लिए संभाग कमिश्नर ने बनाई दो टीमें

# पहली जांच में उठे सवाल, नई कमेटी बने महीनाभर बीता, अब तक शुरू हो नहीं पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर और धमतरी जिले में भारतमाला परियोजना में बड़ा मुआवजा घोटाला हुआ है। इस मामले ने जब तूल पकड़ा, तो शासन के निर्देश पर तत्कालीन संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने जिन किसानों को मुआवजा नहीं या कम मिला तथा अन्य किसी प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दावा-आपत्तियां मंगाई थीं।

इन आवेदनों के आधार पर चार समितियां बनाकर इसकी जांच कराई गई। जांच के लिए 6 बिंदु भी तय किए गए थे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपी गई। हालांकि इस जांच रिपोर्ट पर विपक्षी दलों के विधायकों ने यह कहकर आपत्ति जताई थी कि कई अहम बिंदुओं पर जांच ही नहीं की गई है, इसलिए इसकी दोबारा जांच होनी चाहिए। इसके बाद अब इस मामले में दोबारा जांच समितियां बनाई गई हैं, जिसे बने हुए माहभर हो चुका है, लेकिन जांच अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### पहली जांच में 40 ग्रामों से आई थी दावा-आपत्ति

संभाग कमिश्नर महादेव कावरे के कार्यकाल में भारत माला मुआवजा घोटाला मामले में 40 ग्रामों से दावा-आपत्तियां आई थीं। इसके अलावा कई शिकायतें भी आई थीं, लेकिन जांच समितियों ने सिर्फ दावा-आपत्ति से संबंधित आवेदनों के आधार पर जांच की थी। यह जांच समितियां 16 जून को गठित की गई थीं। इन समितियों में रायपुर और धमतरी जिले के सक्षम अधिकारी से लेकर विभिन्न तहसील क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल किए गए थे।



फाइल फोटो

### ईडी की एंट्री के बाद कई राज खुल रहे

इधर इस घोटाला मामले में पहले से ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम जांच कर रही है, वहीं जांच में तत्कालीन एसडीओ निर्भय साहू के खिलाफ ईओडब्ल्यू द्वारा की गई एफआईआर के बाद इस मामले में ईडी ने भी एंट्री मारी और प्रदेश के पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के चचेरे भाई भूपेंद्र चंद्राकर, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर, गोपाल गांधी के ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें ईडी को कई अहम जानकारियां मिली हैं। संभावना यह भी है कि ईडी की इस जांच के बाद रायपुर और धमतरी जिले के लिए संभाग कमिश्नर ने अलग-अलग दो टीम गठित की है।

### कमिश्नर भी बदले पर जांच शुरू नहीं

जांच समिति बने एक माह से अधिक समय हो चुका है। इस बीच रायपुर संभाग के कमिश्नर भी बदल चुके हैं। महादेव कावरे की जगह श्याम धावड़े ले चुके हैं। सूत्रों से पता चला है कि नए कमिश्नर को पदभार ग्रहण किए भी लगभग सप्ताहभर हो चुका है, लेकिन उनके आने के बाद भी समितियों ने जांच शुरू नहीं की है।

### जमीन का बटांकन कब और कैसे इसकी भी जांच

जांच समिति में मैं भी शामिल हूं। पूर्व में हुई जांच आवेदनों के आधार पर की गयी थी। अब परियोजना में प्रभावित हुए किसानों के एक-एक खसरा नंबर जमीन के आधार पर होना है। जमीन का बटांकन कब और कैसे हुआ, इसकी भी जांच की जाएगी।

**– रवि सिंह**
एसडीएम, अभनपुर

### तीन माह विलंब से पेश की गई थी रिपोर्ट

संभाग कमिश्नर ने चारों समितियों को एक माह में जांच पूरी कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे, लेकिन समितियों ने जांच प्रारंभ करने में ही एक महीना से अधिक समय लगा दिया। इसके कारण जांच पूरी करने में लगभग चार माह का समय लग गया। इसे लेकर संभाग कमिश्नर ने भी समितियों पर गहरी नाराजगी जताई थी। जांच पूरी होने के बाद भी इस रिपोर्ट पर कई सवाल उठे। विधानसभा में इस रिपोर्ट पर विपक्षी दल के विधायकों ने अधूरी जांच होना बताया और कहा कि कई अहम बिंदुओं पर जांच नहीं की गई हैं, इसलिए जांच दोबारा किए जाने की मांग की थी।

### अब एक-एक खसरा नंबर भूमि की होनी है जांच

शासन के निर्देश पर तत्कालीन कमिश्नर महादेव कावरे ने अप्रैल 2026 में दोबारा इस मामले में जांच करने के लिए दो समिति गठित की है। इस कमेटी में भी कई सक्षम अधिकारी वहीं हैं, जो पुरानी समितियों में थे। इस बार जांच के लिए पुराने तय 6 बिंदुओं के अलावा अन्य कुछ बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। इसके तहत अब इस परियोजना से प्रभावित सभी किसानों की एक-एक खसरा नंबर की भूमि की भी जांच होगी और यह पता लगाया जाएगा कि जमीन का बटांकन कब और कैसे हुआ।

---

# बिरगांव कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों को दिया नियुक्ति पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेंद्र सोलंकी द्वारा संगठन विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से ब्लाक कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, कांग्रेस पार्टी की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। मजबूत बूथ संगठन के माध्यम से ही पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी नव नियुक्त ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को एवं बूथ अध्यक्षों से जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर संगठन को और सशक्त बनाने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा जनता की आवाज बनकर कार्य करते हैं। संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाना सभी की जिम्मेदारी है। बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा, कांग्रेस पार्टी सदैव गरीब, किसान, मजदूर एवं आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर आगामी समय में कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

**ये थे मौजूद :** कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पंकज शर्मा का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष छबी धीवर, सतीश सिंह, सुरेंद्र यादव, राजाराम देवांगन, अविनाश निहाल, मंडल अध्यक्ष ज्वाला गोस्वामी, प्रमोद गौतम, प्रवेश पांडे, शेख बसीर, सुषमा वर्मा, रानी गोस्वामी, पुष्प लता वैष्णव, लूकेश्वरी लखन साहू, वैशाखु सागर, मोहन बंजारे, सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बूथ कांग्रेस अध्यक्ष, मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी और सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# नए शैक्षणिक सत्र के लिए स्थानांतरण नीति नहीं, शिक्षक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्य के हजारों शिक्षकों और शासकीय कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से स्थानांतरण नीति 2026 शीघ्र जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन ने इस संबंध में शासन सहित सामान्य प्रशासन विभाग को एक मांग पत्र प्रेषित किया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षकों और शासकीय कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए समय-समय पर स्थानांतरण नीति जारी की जाती रही है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र और वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के बावजूद अब तक स्थानांतरण नीति 2026 जारी नहीं की गई है। इसके चलते हजारों शिक्षक और कर्मचारी अपनी पदस्थापना और स्थानांतरण को लेकर अनिश्चितता और असमंजस की स्थिति में हैं। शिक्षक संघ का मानना है कि यदि सरकार इस विषय पर त्वरित और सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेकर सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से नीति जारी करती है, तो इससे न केवल हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि शासकीय और शैक्षणिक कार्यों में भी प्रशासनिक गति आएगी।

### पारिवारिक स्थिति का रखें ध्यान

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्थानांतरण नीति के लिए कुछ सुझाव भी सामने रखे हैं। स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, वरिष्ठता, पारिवारिक स्थिति, दिव्यांगता, महिला कर्मचारियों की सहूलियत, गंभीर चिकित्सकीय आधार और दुर्गम क्षेत्रों में सेवा अवधि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट रूप से शामिल करने की मांग की गई है। इसके अलावा भ्रष्टाचार और अनावश्यक देरी पर लगाम कसने के लिए पूरी स्थानांतरण प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन और निष्पक्ष काउंसलिंग के माध्यम से पूरी करने, नीति जारी करने के साथ ही पूरी प्रक्रिया को समय पर संपन्न कराने के लिए एक निश्चित कैलेंडर जारी करने का भी सुझाव संघ की ओर से दिया गया है, ताकि शासकीय कार्यों में गति आ सके।

---

# महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए इंजीनियर सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मटियाडीह खरोरा क्षेत्र निवासी एवं रायपुर विद्युत विभाग में पदस्थ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर इंजीनियर सुरेश कुमार बंजारे को महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इंजीनियर सुरेश बंजारे इंजीनियर होने के साथ-साथ गीतकार, गायक, कवि, साहित्यकार, अभिनेता एवं निर्देशक के रूप में भी अपनी अलग पहचान रखते हैं। उनकी कला प्रतिभा को लोग विभिन्न यूट्यूब चैनलों, विशेषकर शुभम वीडियो वर्ल्ड के माध्यम से देखते और सराहते हैं। वे सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी माने जाते हैं। 28 मई को नासिक स्थित गुरु दक्षिणा सभागृह में आयोजित समारोह में आनंदी यूनिवर्स फाउंडेशन द्वारा उन्हें यह सम्मान



प्रदान किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष गणेश विटकर, सचिव तेजस्विनी दिवटे एवं मंच संचालक गणेश मोधावे उपस्थित रहे। मराठी फिल्म अभिनेत्री मान. पूनम साबले के करकमलों से इंजी. सुरेश कुमार बंजारे को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 प्रदान किया गया। इस समारोह में देशभर के सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, कला, उद्योग एवं पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया।

---

# 31 को मनाई जायेगी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

हथबंद पार की बैठक ग्राम खपरी में हीरा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में आगामी 31 मई को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समाज पदाधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि इस अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती, महिला सम्मान सम्मेलन एवं विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।



बैठक में समाज के पारंपरिक व्यवसाय भेड़ पालन से जुड़े परिवारों के सम्मान को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। समाजजनों ने संकल्प लिया कि जिन परिवारों का जीवन-यापन इस व्यवसाय से हो रहा है, उन्हें समाज के मंच पर सम्मानित कर उनके योगदान को नई पहचान दी जाएगी। समाजहित से जुड़े विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सभी के सहयोग से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में हथबंद पार के ग्राम प्रमुख, महिला शक्ति, समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली।

बैठक का संचालन समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया तथा अंत में उपस्थित सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गड़रिया समाज रायपुर युवा प्रकोष्ठ सचिव सोहन पाल का साल भेंट कर पार प्रमुख हीरा पाल द्वारा सम्मान किया गया।

बैठक में रघुनंदन पाल, शत्रुघ्न पाल, प्रहलाद पाल, दल्लू पाल, फाल्गो पाल, संतराम पाल, भीखम पाल, मन्नू पाल, भूपेंद्र पाल, विजय पाल, कमलेश पाल, राहुल पाल, घनश्याम पाल, अजीत पाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं नारी शक्ति उपस्थित रहे।

---

## टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

# समितियों से किसानों को खाद मिलने में देर, डीएपी की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर संभाग में सहकारी समितियों से किसानों को खाद मिलने में हो रही देर और नई टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई समितियों में डीएपी की सप्लाई नहीं हुई है। ऐसे बुवाई के समय पर खाद न मिलने से किसान परेशान हैं और उन्हें मजबूरी में निजी दुकानों से महंगे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है। कृषि विभाग के अनुसार, रायपुर संभाग के सभी जिलों में समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों को उनके रकबे के आधार पर खाद वितरित की जा रही है। कालाबाजारी रोकने के लिए निगरानी समितियां भी सक्रिय हैं।

रायपुर संभाग में खाद वितरण के लिए राज्य सरकार द्वारा खरीफ सीजन के लिए नई खाद वितरण नीति और टोकन प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत समितियों से मिलने वाली खाद की मात्रा और प्रक्रिया




### संभाग में खाद की स्थिति

| जिला | लक्ष्य | भंडारण | वितरण |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 48750 | 18258 | 821 |
| गरियाबंद | 28500 | 12339 | 80 |
| बलौदाबाजार | 58350 | 22740 | 70 |
| महासमुंद | 60870 | 20863 | 80 |
| धमतरी | 38840 | 16661 | 200 |

में बदलाव किए गए हैं। किसानों की भूमि (रकबे) के आधार पर टोकन जारी किए जा रहे हैं। छोटे किसानों को एक टोकन में पूरी खाद, जबकि ढाई से पांच एकड़ वाले किसानों को दो से तीन टोकन में खाद दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्थिति और आपूर्ति संकट को देखते हुए यूरिया और डीएपी की मात्रा पिछले साल के मुकाबले सीमित की गई है। इस बार किसानों को यूरिया 80 प्रतिशत और डीएपी 60 प्रतिशत ही पारंपरिक रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

### विकल्प के रूप में नैनो खाद

समितियों में यूरिया और अन्य खाद उपलब्ध है, लेकिन डीएपी न होने के कारण किसान अभी उठाव नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि डीएपी आने के बाद एक साथ खाद ले जाएंगे। आरंग की समिति में यह देखा गया है कि खाद का स्टॉक 10 दिन पहले आया। किसान यहां पर उठाव कर रहे हैं। रायपुर जिले के किसान अधिकांश जगहों पर खाद का उठाव कर खेती की तैयारी में जूट गए हैं। खाद की कमी को देखते हुए शेष मात्रा की पूर्ति के लिए किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और जैविक खाद का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### बुवाई में देर का डर

समितियों में समय पर पर्याप्त खाद न पहुंचने के कारण किसानों की बुवाई पिछड़ने का अनुमान है। समितियों में खाद की किल्लत के चलते किसान समितियों के चक्कर लगाने में लगे हैं। संभाग में गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद जिले की समितियों में यूरिया, एनपीके और अन्य खाद कर उठाव कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यहां डीएपी की आपूर्ति न होने के किसान चिंतित हैं। कई किसान सभी खाद एक साथ उठाने लगातार समितियों के संपर्क में हैं।

### संभाग में 2 लाख 35 हजार टन उर्वरक का लक्ष्य

रायपुर संभाग में चालू खरीफ के लिए 2 लाख 35 हजार 290 टन उर्वरक का लक्ष्य तय किया गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 95 हजार 665 टन का भंडारण किया जा चुका है। किसानों ने अब तक 1251 टन से अधिक का उठाव कर लिया है।रायपुर जिले में सबसे अधिक 821 टन का उठाव किया गया है। उसके बाद धमतरी जिले में 200 टन, गरियाबंद में 80 टन, महासमुंद में 80 टन, बलौदाबाजार 70 टन उर्वरक का ठाव हुआ है। समितियों में खाद उपलब्धता के आधार पर अब उठाव तेजी से होने का अनुमान है।

---

## पेज 11 के शेष

### आबकारी टीम ने...

ग्राम तेंदुभाठा, चौकी गिरौदपुरी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक, विनोद बांधे, आबकारी आरक्षक अभिषेक कुमार राठौर, हेमंत कुमार वर्मा, कोमल निषाद, प्रकाश कुमार, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, दुर्गा ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पिट्ठु बैग में ..

बाइक की तलाशी ली गई, तो उनके पास मौजूद पिट्ठु बैग से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा तौल कराने पर गांजे का कुल वजन 10.204 किलो पाया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,00,000 आंकी गई है। वहीं पल्सर बाइक और दो मोबाइल भी जब्त किया गया है। लवन पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना धारा 20(बी)एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### भारतीय किसान संघ...

की जाए एग्रीस्टैक में पंजीकृत सभी किसानों को समितियों में नगद में खाद देने की व्यवस्था की जाए। नैनो उर्वरकों के प्रयोग की सही जानकारी का अभाव एवं इन उर्वरकों की वर्षा के प्रति अतिसंवेदनशीलता को देखते हुये, इन उर्वरकों के प्रयोग में विफलता की संभावना बढ़ जाती है। ज्ञापन देने के लिए भारतीय किसान संघ के बलौदाबाजार जिला मंत्री अमेय किरवई, सिमगा तहसील संयोजक श्रीराम साहू, दामोदर देवांगन, मालिकराम साहू, अशोक पाटिल एवं डिगेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# डोंगरगढ़ वूशु प्रतियोगिता में बलौदाबाजार जिला बना ओवरऑल स्टेट चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

डोंगरगढ़ में 20 से 24 मई तक आयोजित 17वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में बलौदाबाजार जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विशेष रूप से सोनाखान वनांचल क्षेत्र के छोटे-छोटे गांवों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर जिले को ओवरऑल स्टेट चैंपियन' का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में जिले से कुल 39 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

बलौदा बाजार जिले ने 1 गोल्ड 6 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर सर्वाधिक पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से सोनाखान वनांचल सहित पूरा जिला गौरवान्वित है।

जिला वूशु एसोसिएशन के सीनियर खिलाड़ी एवं कोच संजय कुमार जगत ने कहा कि यदि इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक खेल सुविधाएं मिलें तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला बलौदाबाजार वूशु एसोसिएशन ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बरपानी ग्राम स्थित शासकीय हाई स्कूल के खुले मैदान में नियमित अभ्यास कर खिलाड़ियों ने कठिन मेहनत और अनुशासन के दम पर सफलता प्राप्त की।

## सीमित संसाधनों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



### कई पदक जीतकर बढ़ाया जिले का गौरव

ताउलु ग्रुप इवेंट के जूनियर वर्ग में बिजेमाल गांव की खिलाड़ी सोनी रात्रे पूजा दीप कविता मांझी अंजू साहू एवं कुसुम भोई ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। वहीं सोनपुर और चांदन ग्राम के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की सफलता में विशेष योगदान दिया।पदक विजेता खिलाड़ी कुमारी थर्मिला विश्वकर्मा (चांदन) 45 किग्रा महिला सीनियर वर्ग सिल्वर मेडल सुनील पटेल (सोनपुर) 45 किग्रा जूनियर वर्ग गोल्ड मेडल निलेश साहू 75 किग्रा जूनियर वर्ग ब्रॉन्ज मेडल दीनदयाल पटेल 60 किग्रा जूनियर वर्ग ब्रॉन्ज मेडल लोचन पटेल 48 किग्रा जूनियर वर्ग ब्रॉन्ज मेडल तुलेश चौहान (खैरा) 54 किग्रा जूनियर वर्ग ब्रॉन्ज मेडल गौरतलब है कि इन खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों और आधुनिक सुविधाओं के अभाव में यह उपलब्धि हासिल की है।

## खबर संक्षेप



### आंधी से उखड़े पेड़ की शाखाओं की छंटाई दूसरे दिन भी अधूरी

**रायपुर।** राजधानी में बुधवार दोपहर तेज आंधी और बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में पेड़ उखड़ गए। रजबंधा मैदान के पास बड़ा पेड़ गिरने से मौदहापारा मार्ग बाधित रहा। इसी तरह लालपुर, पचपेड़ी नाका की नवजीवन सोसाइटी के पास, आमापारा, मालवीय रोड में कमोबेश यही स्थिति रही। गुरुवार को आंधी से उखड़े पेड़ की शाखाओं की कटाई छंटाई अधूरी होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर निगम और उद्यान विभाग की टीम को लोगों ने इसकी सूचना दे दी है। महापौर मीनल चौबे ने कहा है, बाधित मार्गों को खोलने का काम कराया जा रहा है। प्राथमिकता के तौर पर सड़क यातायात और जन सुविधा को देखते हुए टीम लगाने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि एक दिन तेज आंधी की वजह से देवेंद्र नगर की आईएएस कालोनी में पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं बूढ़ापारा चौक, राजातालाब इलाके में पेड़ गिरने के बाद शाखाओं की कटाई-छंटाई का काम करने टीम ने तत्परता दिखाई।

### तीजन बाई गंभीर हालत में एम्स में, उपचार जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का एम्स अस्पताल में उपचार जारी है। तीजन बाई को गंभीर हालत में अस्पताल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग में भर्ती किया गया है। प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट (एमआईसीयू) में शिफ्ट किया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। अस्पताल के अनुसार, मरीज की शुरुआती जांच ट्रॉमा इमरजेंसी में डॉ. नमन द्वारा की गई, जिसके बाद उन्हें जनरल मेडिसिन विभाग में डॉ. पीएन वासनिक के निर्देशन में भर्ती किया गया। वर्तमान में तीजन बाई का उपचार बहु-विषयक मेडिकल टीम द्वारा किया जा रहा है।

## निष्क्रिय और राशि लेकर काम नहीं करने वाले वेंडर होंगे ब्लैक लिस्टेड

# लोन स्वीकृत होने के बाद बैंक तत्काल हितग्राही के खाते में राशि करें अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को सीएसपीडीसीएल एवं बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने जिले के लिये इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य एवं पिछले वर्ष के शेष इंस्टॉलेशन को शामिल कर विद्युत संभागवार लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने बैंकों में लंबित आवेदन, निरस्तीकरण तथा राशि भुगतान में विलम्ब की स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिये कि ऋण के लिये आवेदन आने एवं स्वीकृत होने के बाद राशि का भुगतान हितग्राही के खाते में किया जाए। अनावश्यक विलंब या बेवजह फॉर्म रिजेक्ट होने पर सम्बंधित बैंक अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई होगी। सभी बैंक ग्राम पंचायतवार रिजेक्टेड फॉर्म की सूची उपलब्ध कराएं।उन्होंने कहा कि वेंडर द्वारा हितग्राही का आवेदन बैंक को लोन के लिये अग्रेषित करने के बाद यदि हितग्राही 15 दिन में बैंक नहीं आते तो ऐसे हितग्राही की सूची बिजली विभाग को उपलब्ध कराएं। इसी तरह हर 15 दिन की सूची उपलब्ध कराए ताकि हितग्राही को समय पर सूचित किया जा सके। उन्होंने बैंक ऋण के लिये सोलर पैनल स्थापना की बैंक द्वारा मौका सत्यापन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब से बचने के लिये क्रेडा द्वारा किये गये जियो टैग फोटो का उपयोग करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता अनंत सहित, तीनों संभाग के कार्यपालन अभियंता, बैंक के अधिकारी, जनपद सीईओ उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा



### योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि योजना में प्रगति लाने और लक्ष्य हासिल करने अगले 10 माह में सोलर पैनल स्थापना का लक्ष्य निर्धारित करें।तीनो डिवीजन में हर माह 2 हजार पैनल इंस्टालेशन करए। हर 15 दिन में डिवीजन में प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने योजना की वृहद प्रचार -प्रसार के लिये ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में रणनीति तैयार करने कहा। बैंक सखी एवं समूह की महिलाओं का सहयोग लेने के भी निर्देश दिये।

### सोलर पैनल स्थापना में तेजी लाने कलेक्टर के निर्देश

कलेक्टर ने सोलर पैनल स्थापना में तेजी लाने के लिये जिले के सक्रिय वेंडर की सूची विकासखंडवार तैयार करने और उस सूची को जनपद सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को उपलब्ध कराने कहा।उन्होंने निष्क्रिय और राशि भुगतान के बाद भी पैनल लगाने का काम नहीं करने वाले वेंडर पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उनका नाम ब्लैक लिस्ट में डालने के निर्देश दिये।

### 4140 हितग्राहियों ने लगवाए पैनल

बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अब तक जिले में 4140 लोगों ने सोलर पैनल लगवाया है। योजना के तहत इस वर्ष 15100 सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य निर्धारित है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने पर कुल खर्च 1 लाख 80 हजार आता है। इसमें 1 लाख 8 हजार सरकार की ओर सब्सिडी मिलती है। केवल 72 हजार हितग्राही का होता है वह भी 3 साल में रिकवर हो जाता है। बैंक से ऋण की भी सुविधा है। सोलर पैनल के लिये ऑनलाइन आवेदन के साथ ही बैंक ऋण का भी विकल्प होता है।बैंक से आसानी से फाइनेंस हो जाता हैं। इस तरह से यह योजना बहुत ही फायदे वाला है। लोगों को इसका भरपूर लाभ लेना चाहिए।

## नगर में चार करोड़ के विभिन्न कार्यों का शिवरतन ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर के वार्ड क्रमांक 1 से 4 में एक करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 5 से 12 में 2 करोड़ 42 लाख 39 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड नाली भवन बाउंड्री वॉल आदि निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार विकास कार्यों के साथ साथ लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान हो सके ऐसी योजना बनाती है । उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से नगर में होने वाले विकास कार्यों का लाभ आप लोगों को मिलेगा ।

सभी लोगों का एक सपना होता है कि उसके पास भी अपना एक घर हों लेकिन हर व्यक्ति आज के समय में अपना स्वयं का घर नहीं बना सकता इसलिए हमारी संवेदनशील सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाखों लोगों के घर बनाकर उनके सपने को पूरा करने का कार्य कर रही है । भाजपा जो कहती है उसे पूरा भी करती है । भाजपा सरकार के कार्यकाल में लोगों के लिए की जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है । जिसके माध्यम से लोगों के जीवन स्तर काफी सुधार हो रहा है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया एवं भाजपा नेता अनिल पांडेय ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, महामंत्री छोटू यादव, अभिजीत अवस्थी, पार्षद पितांबर सोनकर, मुकुंद रजक, टेबू देवांगन, प्रियंका अनूप तिवारी, विष्णु जायसवाल, माया सलूजा, नीरज शर्मा, परस पाटकर, चंद्रमणि साहू, गणेश सोनकर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण श्रीवास्तव, अनिल सोनकर, प्रशांत देवांगन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## किसानों के लिए खाद-बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला



भाजपा मंडल संडी द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अभिनेश कश्यप के प्रथम प्रवास आगमन पर विश्राम गृह में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल संडी अंतर्गत 13 प्राथमिक साख सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों को खरीफ फसल की तैयारी हेतु खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान 4 मत्स्य पालन हितग्राहियों एवं 1 महिला समूह को ऋण वितरण किया गया। साथ ही शाखा कोदवा में किसानों के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर दान करने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों और जनहित के लिए लगातार कार्य कर रही है। वैश्विक परिस्थितियों के कारण थोड़ी देरी हुई है, लेकिन समय पर सभी सोसायटियों में आवश्यक खाद एवं बीज उपलब्ध करा दिए जाएंगे। वहीं उपाध्यक्ष अभिनेश कश्यप ने कहा कि किसानों की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग एवं कलेक्टर के साथ बैठक कर जल्द ही इस गंभीर विषय का समाधान निकाला जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता तेजराम वर्मा, महेंद्र साहू, नोडल अधिकारी जी.एन. साहू, शाखा प्रबंधक संजय वर्मा, मिथलेश वर्मा, रामखिलावन वर्मा, डागेश्वर वर्मा, पुनीत राम वर्मा, हुलास वर्मा, सुधे राम वर्मा, रामेश्वर धीवर, मुकेश साहू, राजू बंजारे, डूलेश्वर वर्मा, हिमांशु वर्मा, रामलाल टंडन, संतराम साहू, नंद चंद्राकर, मनहरण वर्मा, देवप्रकाश चंद्रवंशी, जयंत कुर्रे, गोपाला वर्मा, भागीराम धीवर, खिलेंद्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समिति प्रबंधक एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर पालिका में निरंजन सिन्हा का अभिनंदन...



**बलौदाबाजार।** जिला सहकारी केंद्रीय ग्रामीण बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिंन्हा का प्रथम नगर आगमन हुआ, इस अवसर पर नगर पालिका में सौजन्य मुलाकात के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पुष्प गुच्छ भेंटकर निरंजन सिन्हा का स्वागत किया। आयोजित सौजन्य भेंट के दौरान उपाध्यक्ष अनिमेष कश्यप का भी स्वागत किया गया। नगर पालिका में स्वागत अभिनंदन के दौरान सभापति जितेंद्र डड़सेना, कन्हैया सेन, आदित्य गुप्ता, अमितेष नेताम, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, रोहित साहू, लोकेश चेलक, सतीश पटेल, सुरेश घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू फेकर, सलमान शेख, ममता सुभाष राव सहित पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, मनीष वर्मा, रवि फेकर, रविंद्र नामदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 16 गांवों के ग्रामीणों ने उठाया शिविर का लाभ

# सुशासन तिहार शिविर में मिले 1521 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव-बिलाईगढ़



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र के वनांचल ग्राम पंचायत चचरेल में सुशासन तिहार शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही अनेक आवेदनों का निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

शिविर में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। सुशासन तिहार शिविर में कुल 1521 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। शिविर में आसपास के 16 गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी समस्याओं, मांगों एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाएगा ताकि आमजन को समयबद्ध लाभ मिल सके।शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर हितग्राहियों को तत्काल लाभ भी प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा 6 किसान हितग्राहियों को बीज वितरण किया गया। सहकारिता विभाग द्वारा 2 किसानों को बिना ब्याज दर पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के चेक वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 7 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन द्वारा गांव स्तर पर आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना एक ही स्थान पर अनेक योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में प्रशासन की यह पहल काफी उपयोगी साबित हो रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सत्ताधारी दल के प्रतिनिधि वेदराम जांगड़े, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम प्रफुल्ल रजक, प्रतीक प्रधान, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 3 महिलाओं को गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा 9 स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया तथा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्कूल ड्रेस का वितरण कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा दो शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा संबंधी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शांति सरोवर मुक्तिधाम का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक कार्रवाई का दिलाया भरोसा



मोहदा स्थित शांति सरोवर मुक्तिधाम का जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने सरपंच रेखा प्रहलाद एवं सरपंच पति अनिरुद्ध प्रहलाद के साथ भ्रमण कर परिसर में किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान मुक्तिधाम में 20 हजार से अधिक पाधारोपण से विकसित हरित एवं स्वच्छ वातावरण की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल बताया।

भ्रमण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने मुक्तिधाम परिसर में निर्मित प्रतीक्षालय, बागवानी एवं अन्य जनसुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही पाताल भैरवी मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

निरीक्षण के दौरान सरपंच द्वारा मुक्तिधाम के बेहतर रख-रखाव एवं जीर्णोद्धार को लेकर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल ने शासन का ध्यान आकर्षित कर आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु आश्वस्त किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनसुविधाओं को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं तथा इस प्रकार की पहल को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बच्चियों के साथ मारपीट पकड़े नहीं गए आरोपी

रायपुर। डीडीनगर थाना क्षेत्र के सुंदर नगर स्थित प्रतिज्ञा विकास संस्थान (खुला आश्रय बालिका) में बच्चियों के साथ मारपीट करने वालों की पहचान नहीं हो पाने की वजह से आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम आश्रम की जांच करने पहुंची थी, तब बच्चियों के साथ मारपीट करने के मामले का खुलासा हुआ था। इसके बाद टीम अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में रिपार्ट दर्ज कराने पहुंची। बच्चियों के साथ मारपीट प्रकरण में डीडीनगर थाने के टीआई से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम जांच करने प्रतिज्ञा विकास संस्थान पहुंची थी, लेकिन वहां रह रही बच्चियां मारपीट करने वालों की शिनाख्त नहीं कर पाईं। इसके लिए पुलिस तथा महिला एवं बाल विकास की टीम बच्चियों के साथ काउंसिलिंग कर रही है।

### धोबीपारा उद्यान के पास सामुदायिक भवन में खुला आरआरआर सेंटर

रायपुर। ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा उद्यान के पास सामुदायिक भवन में गुरुवार को महापौर मीनल चौबे ने आरआरआर सेंटर का नए स्वरूप में लोकार्पण किया। इस सेंटर का संचालन धरोहर स्वसहायता समूह की महिलाएं करेंगी। इस सेंटर में नगर निगम रायपुर द्वारा एक ई बैटरी वाहन उपलब्ध कराया गया है, जो जोन 4 क्षेत्र के 7 वार्डो में जाकर वहां के लोगों के घरों से अनुपयोगी वस्तुओं का संग्रह कर सेंटर में लाने का कार्य करेगा। इन वस्तुओं को सुव्यवस्थित कर समाज के जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। दरअसल, राजधानी रायपुर में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर निगम जोन 4 के ब्राम्हणपारा वार्ड में लोगों की सुविधा के लिए धोबीपारा उद्यान के पास सामुदायिक भवन में अनुपयोगी वस्तुओं को एकत्र कर उसे दोबारा उपयोग लायक बनाने और उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने के मकसद से नए सेंटर का शुभारंभ हुआ।

### डीएलएड अभ्यर्थियों के समर्थन में आप का आमरण अनशन

रायपुर। डीएलएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति का मुद्दा अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि 10 जून तक पात्र डीएलएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं दी गई, तो वे 11 जून से आमरण अनशन शुरू करेंगे। पार्टी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में सहायक शिक्षक के 2300 पद रिक्त हैं। इनमें से करीब 1600 पद आदिवासी महिला और पुरुष अभ्यर्थियों से जुड़े बताए गए हैं।

## निधन

### शिवनारण रजक



बलौदाबाजार। शहर के दुर्गा चौक, नयापारा निवासी शिवनारण रजक (पूर्व पार्षद) का शुक्रवार सुबह निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार पाड़े पारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें शहरभर से लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे स्व लक्ष्मी नारायण रजक एवं राजकुमार रजक के भाई थे। बीते शनिवार को उनके भाई लक्ष्मी नारायण रजक का निधन हुआ था।

### गैंदलाल वर्मा



हिरमी रावन। ग्राम मोहरा निवासी गैंदलाल वर्मा का 28 मई को निधन हो गया। वे रतिराम वर्मा, सीताराम वर्मा, डोमार वर्मा के पिताजी तथा बलराम वर्मा एवं भूपेश्वर वर्मा के दादाजी थे। स्व. गैदलाल वर्मा का अंतिम संस्कार गृह ग्राम मोहरा के श्मशान घाट में किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक उपस्थित थे। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सरल एवं मिलनसार स्वभाव को याद किया।

# संयंत्र ने ऊंचाई पर कार्य की सुरक्षा के लिए किया 'फॉल प्रोटेक्शन रेस्क्यू डिवाइस' का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड रावन सीमेंट वर्क्स के यूनिट परिसर में सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाने की दिशा में टीम उदयोगी द्वारा "फॉल प्रोटेक्शन रेस्क्यू डिवाइस" का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऊंचाई पर कार्य करते समय कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित बचाव प्रक्रिया की समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा सत्र से हुई, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा फॉल प्रोटेक्शन सिस्टम, सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग तथा जोखिम नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके पश्चात साइट पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन आयोजित किया गया, जिसमें कन्वेयर संरचना जैसी ऊंची जगह से सुरक्षित बचाव की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाया गया। डेमोंस्ट्रेशन के दौरान प्रतिभागियों ने देखा कि किस प्रकार विशेष रेस्क्यू डिवाइस के माध्यम से दुर्घटना की स्थिति में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित और शीघ्रता से नीचे उतारा जा सकता है। इस अभ्यास में विभिन्न सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी हार्नेस, एंकर पॉइंट, लाइफलाइन आदि का प्रभावी उपयोग दर्शाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट में 'सुरक्षा पहले' सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अल्ट्राटेक सीमेंट में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित, कर्मचारियों को दिया सुरक्षा प्रशिक्षण



### कर्मचारियों में बढ़ा आत्मविश्वास

इस प्रकार के प्रायोगिक प्रशिक्षण से कर्मचारियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और आपात स्थिति से निपटने की तैयारी मजबूत होती है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और ठेकेदार कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की तथा सुरक्षा उपायों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अल्ट्राटेक सीमेंट भविष्य में भी इस तरह के नवाचारपूर्ण और प्रभावी सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यस्थल की सुरक्षा और जागरूकता को निरंतर सुदृढ़ करता रहेगा। सेफ्टी और एचआर विभाग के सहयोग से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

## पार्षद ने की मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायत

# रामसागर तालाब सौंदर्यीकरण और खुदाई कार्य में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





नगर के ऐतिहासिक एवं सबसे प्राचीन रामसागर तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण और खुदाई कार्य को लेकर नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार के नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 17 शेख सलमान द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तालाब में चल रहे निर्माण कार्यों के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। कांक्रीट निर्माण कार्य में आवश्यक पानी का छिड़काव (क्योरिंग) नहीं किए जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है तथा भविष्य में निर्माण क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है।इसके साथ ही तालाब खुदाई कार्य में भी अत्यधिक गहरी खुदाई किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसार निजी लाभ प्राप्त करने की मंशा से तालाब की आवश्यकता से अधिक खुदाई कर दी गई है, जिससे भविष्य में जल संरक्षण प्रभावित होने एवं तालाब के सूखने का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

श्री शेख सलमान ने कहा कि रामसागर तालाब नगर की ऐतिहासिक धरोहर है और इसके संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराकर दोषी ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए तथा निर्माण एवं खुदाई कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

इस शिकायत के दौरान पार्षद अंजनी गोविंद पा, श्रद्धा मनीष वर्मा, सुरेश घृतलहरे, डिगेश्वरी रविन्द्र नामदेव एवं ममता सुभाष राव भी उपस्थित रहे तथा सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में नगर की ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनता के हित एवं नगर की धरोहरों की सुरक्षा के लिए वे लगातार आवाज उठाते रहेंगे।

# चारागाह भूमि बचाने ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत मड़कड़ा के आश्रित ग्राम थरहीडीह में गोबर चारागाह एवं निस्तारी भूमि को किसी संस्था को आवंटित किए जाने की आशंका को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में सरपंच एवं ग्रामवासियों ने एसडीएम कसडोल को ज्ञापन सौंपकर भूमि को किसी भी संस्था या फाउंडेशन को आवंटित नहीं करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आदिशिवाय फाउंडेशन द्वारा ग्राम थरहीडीह की भूमि खसरा नंबर 650/1, रकबा 24.8480 हेक्टेयर की मांग की गई है। यह भूमि गांव की गोबर चारागाह एवं निस्तारी भूमि है, जिसका उपयोग ग्रामीणों एवं मवेशियों के हित में होता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि को किसी निजी संस्था अथवा फाउंडेशन को देना ग्रामहित के विपरीत होगा।

इस दौरान उपसरपंच बलराम मांझी, पंच शंकर दयाल, कौशलेश, तुकराम, भुवन, तेरस बाई, सतरूपा, प्रीती देवी, रमशिला, बुधराम, प्रह्लाद, सुदर्शन, गोपाल, हीरालाल, संतोष कुमार, परसराम, चंद्रिका, खेदूदास वैष्णव, कमल दास वैष्णव, अरुणा देवी, तेजनाथ पटेल, दुष्यंत पटेल, रमेश कुमार मांझी, ममता मांझी, महेश्वरी बाई, सुमन प्रसाद चौहान, चितरंजन मांझी, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि गांव की चारागाह एवं निस्तारी भूमि किसी भी संस्था को नहीं दी जाएगी और गांव के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

### अवैध नामांतरण रोकने की मांग

ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त भूमि गांव की सार्वजनिक उपयोग की भूमि है, इसलिए इसे किसी भी परिस्थिति में आवंटित नहीं किया जाए। साथ ही ग्रामीणों ने भूमि के सीमांकन की मांग करते हुए अवैध हेरफेर एवं नामांतरण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। सरपंच लखन लाल यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत मड़कड़ा की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया है तथा समस्त ग्रामवासी गांव की भूमि बचाने के लिए एकजुट हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संस्था द्वारा गांव के लोगों को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

# एक बोरी खाद में 21 क्विंटल धान की शर्त पर किसानों में नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

छत्तीसगढ़ में खाद वितरण को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों का आरोप है कि एक बोरी खाद लेने के बदले 21 क्विंटल धान बेचने की शर्त रखी जा रही है, जिससे छोटे और मध्यम किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी चर्चा तेज हो गई है। किसानों का कहना है कि खाद उनकी खेती की मूल आवश्यकता है और इसे शर्तों के साथ जोड़ना उचित नहीं है। कई किसानों ने इसे किसानों के अधिकारों के खिलाफ बताते हुए सरकार से जवाब मांगा है। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन की तैयारी के समय खाद की उपलब्धता आसान और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि उन्हें समय पर खेती कार्य में परेशानी न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने मांग की है कि खाद वितरण की व्यवस्था को सरल बनाया जाए और किसी भी प्रकार की अनावश्यक शर्तों को समाप्त किया जाए। किसानों का कहना है कि खेती पहले से ही महंगी होती जा रही है, ऐसे में इस तरह की व्यवस्था से उनकी चिंता और बढ़ रही है।

# जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में अब मिलेगी एनेस्थीसिया डॉक्टर की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़




जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की पदस्थापना नहीं होने के कारण सिजेरियन तथा मेजर सर्जरी जैसे महत्वपूर्ण ऑपरेशन प्रभावित हो रहे थे। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ की एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. कुंती नायक की सेवाएं सप्ताह में दो दिवस, सोमवार एवं मंगलवार को जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में प्रदान करने की अनुमति दी गई है। जिले के नागरिकों के लिए ख़ुशखबरी है।

इस निर्णय से जिला चिकित्सालय में सिजेरियन एवं अन्य जटिल ऑपरेशन की सुविधाएं बेहतर होंगी तथा मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। साथ ही मरीजों को रायगढ़ अथवा अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने की आवश्यकता भी कम होगी।

शासन का यह निर्णय आम जनता के हित में महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू द्वारा प्रयास किए गए। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव और सिविल सर्जन डॉ. दीपक कुमार जायसवाल ने जिले में अब बड़ी ऑपरेशन होने की बात कही।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत पलारी के पूर्व एल्डरमैन शेरखान (रज्जू) ने देशभर में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार से पहल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, परंपरा,आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रही है। देश के करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं गाय से जुड़ी हुई हैं, इसलिए इसे राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाना चाहिए।

शेरखान ने कहा कि गाय केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि किसानों और ग्रामीण जीवन की आर्थिक व्यवस्था से भी गहराई से जुड़ी हुई है। दुग्ध उत्पादन, जैविक खेती और पशुपालन के क्षेत्र में गाय की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि गाय संरक्षण और संवर्धन के लिए केंद्र सरकार को ठोस एवं प्रभावी नीति बनानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के हर वर्ग के लोग इस मांग का समर्थन कर रहे हैं। विशेष रूप से मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा भी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग किए जाने से सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का सकारात्मक संदेश सामने आया है। उन्होंने कहा कि देशहित और संस्कृति के संरक्षण के लिए सभी समाजों को एकजुट होकर आगे आने की आवश्यकता है। पूर्व एल्डरमैन ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि संसद में इस विषय पर गंभीर चर्चा कर जल्द से जल्द उचित निर्णय लिया जाए, ताकि देश की सांस्कृतिक पहचान और गौरव को और मजबूती मिल सके।

# जिला पुलिस में फेरबदल तीन अधिकारियों के तबादले

**बलौदाबाजार।** पुलिस विभाग में प्रशासनिक दृष्टिकोण से फेरबदल करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा तीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सभी को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने निर्देशित किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक उप निरीक्षक राजकुमार डहरिया को पुलिस चौकी करहीबाजार से थाना भाटापारा शहर स्थानांतरित किया गया है। वहीं उप निरीक्षक नेहरू राम साहू को थाना भाटापारा शहर से प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र ग्रामोदा/सिमगा भेजा गया है। इसी प्रकार सउनि जलेश्वर राम सोनवानी को पुलिस सहायता केंद्र ग्रामोदा/सिमगा से प्रभारी पुलिस चौकी करहीबाजार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा 29 मई को जारी किया गया। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य यह बदलाव किए गए हैं।

## जंगल बचाने का संकल्प : ग्रामीणों को वन संरक्षण का दिया संदेश

# भरूवाडीह कला में निकाली अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम पंचायत भरूवाडीह कला में वन विभाग एवं नेचर सफारी खोली डबरी, मोहरेंगा द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं वन संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को जंगलों में आग लगने से होने वाले नुकसान तथा उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। रैली में वन विभाग से फॉरेस्ट कर्मचारी फेकूराम वर्मा जी, नेचर सफारी के समस्त स्टाफ, ग्राम पंचायत भरूवाडीह कला की सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे, पंचगण, कोटवार, ग्रामीण महिला-पुरुष, विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने गांव में रैली निकालकर "वन बचाओ – जीवन बचाओ", "जंगल में आग न लगाएं" जैसे जागरूकता संदेश दिए। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरूवाडीह कला के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि वन हमारी अमूल्य धरोहर हैं और इन्हें सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्राम पंचायत भरूवाडीह कला की सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे ने वन विभाग, नेचर सफारी टीम, विद्यालय परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। रैली में सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय दिया।

### जंगलों में आग रोकने की अपील

उन्होंने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से जंगलों में आग लगने से रोकने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने भी लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए सभी नागरिकों को सतर्क रहकर वन एवं पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करना चाहिए।

